राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, चलपीठ जोधपुर

अपील संख्या :– 432 / 2023

महेन्द्र भार्गव **–अपीलार्थी**

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये सचिव, राजस्व विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निबन्धक राजस्व मण्डल, राजस्थान, अजमेर।
3. जिला कलक्टर, जोधपुर।
4. श्री सूरज नारायण मीणा, भू–निरीक्षक, राजस्व सर्कल, डावरा, तहसील बावडी, जिला जोधपुर ।

– प्रत्यर्थीगण

प्रस्तुतिकरण की दिनांक : 16.10.2023
आदेश की दिनांक : 21.03.2024

उपस्थित –

अपीलार्थी की ओर से : श्री के पी सिंह भाटी, अभिभाषक
प्रत्यर्थी विभाग की ओर से : श्री शैलेन्द्र सिंह राठौड़, राजकीय अभिभाषक

समक्ष :– अनन्त भंडारी, सदस्य(न्यायिक)
असलम मेहर, सदस्य

आदेश

1. इस अपील में अपीलार्थी ने आदेश दिनांक 27.09.2023 को चुनौती दी थी, जिसके द्वारा अपीलार्थी को कार्यव्यवस्थार्थ भू–अभिलेख निरीक्षक, वृत्त कापरडा से भू–अभिलेख निरीक्षक वृत्त बालेसर लगया गया। अधिकरण द्वारा अंतरिम आदेश दिनांक 16.10.2023 द्वारा अपीलार्थी को उक्त स्थानांतरण आदेश पर स्थगन आदेश पारित किया गया।
2. वर्तमान में प्रत्यर्थी विभाग की तरफ से आदेश दिनांक 07.03.2024 प्रस्तुत किया गया जिसमें अपीलार्थी के संबंध में स्थानांतरण आदेश दिनांक 27.09.2023 को निरस्त किया गया। अपीलार्थी ने जिस आदेश को चुनौती दी है वह निरस्त किया जा चुका है, ऐसे में अपील सारहीन हो गई है। अतः अपील खारिज की जाती है।

(असलम मेहर)
सदस्य

(अनन्त भंडारी)
सदस्य(न्यायिक)